आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 06.2.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में हो रहे राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड का स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ हुआ है।
- राज्य में ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम को लेकर शासन ने अभी से तैयारियां शुरू की।
- प्रदेश के सभी 100 निकायों में निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।
- कुमाऊं विश्वविद्यालय को केंद्र सरकार की ''मल्टी एजुकेशन रिसर्च यूनिवर्सिटी'' योजना के तहत विकसित किया जाएगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, पदक तालिका में 28 स्वर्ण के साथ कर्नाटन शीर्ष पर बना हुआ है।

सीएम स्पोर्ट्स

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में हो रहे राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से राज्य का स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन स्थलों में खिलाड़ियों और आगंतुकों को हर संभव सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कल देर शाम हल्द्वानी स्थित गौलापार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान ये बाते कहीं। इस मौके पर उन्होंने स्टेडियम में उत्तराखंड और दिल्ली के मध्य खेले गए फुटबॉल मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने 14 फरवरी को हल्द्वानी में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की तैयारियों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने समापन समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

वनाग्नि

प्रदेश में ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम को लेकर शासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून में आपदा प्रबन्धन विभाग, राज्य एवं केन्द्रीय एजेंसियों तथा सभी जिलाधिकारियों के साथ राज्य में वनाग्नि तथा भूकम्प से सम्बन्धित मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबन्धन विभाग को फायर वाचर्स को प्रशिक्षित कर वनाग्नि संभावना से पहले ही तैनात करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने वनाग्नि नियंत्रण में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के लिए अभी से प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत चीड़ के पत्तों के निस्तारण को अभी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि पिरूल के कारण संभावित वनाग्नि की घटनाओं पर पूरी तरह से नियंत्रण हो सके।

महाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ में देश–विदेश से पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वॉटर एटीएम स्थापित किए गए हैं, जो 24 घंटे बिना किसी बाधा के कार्यरत हैं। इन वॉटर एटीएम की सहायता से अब तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु शुद्ध आरओ जल प्राप्त कर चुके हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा उठाए गए इन कदमों से न केवल श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है।

इस पहल से महाकुंभ 2025 का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण–अनुकूल बन गया है, जिससे यह आयोजन एक ऐतिहासिक और अनुकरणीय उदाहरण बन गया है।

शपथ ग्रहण

प्रदेश के सभी 100 निकायों, नगर पालिका, नगर पंचायत के निर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 7 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपने–अपने मुख्यालयों पर शपथ लेंगे। नगर विकास मंत्री ने सभी निर्वाचित महापौर, नगर पालिका अध्यक्षों, और नगर पंचायत अध्यक्षों को बधाई भी दी है।

बीमा भुगतान

प्रदेश सरकार ने बताया कि चार हजार नौ सौ साठ सेब काश्तकारों को वर्ष 2023– 24 का बीमा क्लेम भुगतान कर दिया गया है। अबतक 32 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है और शेष प्रक्रिया गतिमान है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि उत्तरकाशी के सेब उत्पादक काश्तकारों ने 3 फरवरी को उनसे मुलाकात की और बताया कि बीमा कंपनी उनके क्लेम का भुगतान नहीं कर रही है। इस पर बीमा कंपनी को तत्काल भुगतान के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि क्लेम में देरी पर संबंधित बीमा कंपनी के खिलाफ कमेटी गठित कर जांच भी शुरू कर दी गई है।

विरासत योजना

राज्य सरकार 'विरासत योजना' के तहत नैनीताल के 60 गांवों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। ये सभी बाखलियां वाले घर हैं। सरकार का कहना है कि इससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और पलायन रुकेगा। गौरतलब है कि स्थानीय लोगों के पलायन से नैनीताल जिले के 60 गांव वीरान हो गए हैं, जिसके बाद सरकार ने इन घरों को होम स्टे योजना में बदलने का फैसला किया है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने होटल और होम स्टे संचालकों के साथ बैठक कर इस पर चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन विभाग को जल्द योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

विश्वविद्यालय

कुमाऊं विश्वविद्यालय जल्द ही बहुविषयक शिक्षा और शोध विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। केंद्र सरकार के सहयोग से इस विश्वविद्यालय को उन्नत मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये जानकारी देते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय में 100 करोड़ रुपये की लागत से नौ नए केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय को मेरू यानी ''मल्टी एजुकेशन रिसर्च यूनिवर्सिटी'' के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। विश्वविद्यालय नैनीताल से करीब 10 किलोमीटर दूर पटवाडांगर में नया परिसर विकसित कर रहा है, धनराशि स्वीकृत होने के बाद जल्द ही इसकी निविदाएं भी आमंत्रित की जाएंगी।

राष्ट्रीय खेल

और अब खबरें राष्ट्रीय खेलों से——— 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पदक तालिका में 28 स्वर्ण के साथ कर्नाटन शीर्ष पर, सर्विस बोर्ड 27 स्वर्ण लेकर दूसरे और मध्य प्रदेश 17 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड के खिलाडियों का भी बेहतर प्रदर्शन जारी है। अबतक उत्तराखंड को 4 स्वर्ण, 14 रजत और 15 कांस्य समेत कुल 33 पदक मिले हैं।

राष्ट्रीय खेलों के 9वें दिन रुद्रपुर स्टेडियम में ट्रैक साइकिलिंग में चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें महिला वर्ग में टीम परस्यूट 4 हजार मीटर में हरियाणा ने गोल्ड जीता है। जबकि केरिन डिस्टेंस 5 लेप में कर्नाटक को गोल्ड मिला। वहीं पुरुष वर्ग में टाइम ट्रायल 1 हजार मीटर में अंडमान निकोबार को गोल्ड मिला है। जबकि टीम परस्यूट डिस्टेंस 4 हजार मीटर प्रतियोगिता के परिणाम आज जारी होंगे।

टिहरी जिले के कोटी कॉलोनी में चल रही रोइंग स्पर्धा के अंतिम दिन मध्य प्रदेश ने 5 गोल्ड और 4 ब्रांच मेडल जीत कर पहला स्थान प्राप्त किया है। टिहरी से हमारे सहयोगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एसएससीबी ने 5 गोल्ड मेडल हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। दैनिक जागरण ने लिखा– भीड़ प्रबंधन के लिए चार धाम यात्रा में इस बार 60 प्रतिशत ही ऑनलाइन पंजीकरण, इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– चार धाम यात्रा ऑफलाइन व ऑनलाइन कोटा हुआ निर्धारित 30 अप्रैल से होगा राज्य में चार धाम यात्रा का आगाज।

राज्य में 18 फरवरी से प्रस्तावित बजट पर, अमर उजाला लिखता है– 18 से 24 फरवरी के बीच दून में होगा बजट सत्र। दैनिक जागरण ने वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के हवाले से लिखा है– नया बजट राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उद्योगों के अनुरूप बनेगा उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण में लिखा है देहरादून के बालावाला श्रीनगर और पिथौरागढ़ में खोले जाएंगे तीन नए राजकीय महाविद्यालय।

देहरादून में भू–कानून उल्लंघन पर, हिन्दुस्तान ने लिखा है– दून में भू कानून के उल्लंघन पर 750 बीघा जमीन होगी जब्त। इस खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र आगे लिखता है– जिलाधिकारी देहरादून ने सभी तहसीलों से भू कानून के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई पर हर हफ्ते रिपोर्ट मांगी है।